मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 80
रविवार, 29 सितम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है: पीएम मोदी

**कश्मीर, 28 सितम्बर।** जम्मू-कश्मीर चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू में एक बड़ी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के शुरूआत में जम्मू की ये सभा इस विधानसभा चुनाव की मेरी आखिरी सभा है। मुझे बीते हफ्तों में जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में जाने का अवसर मिला है। मैं जहां भी गया, वहां भाजपा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह दिख रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, NC और PDP के तीन खानदानों से त्रस्त हैं। लोग फिर वही निजाम नहीं चाहते, जिसमें भ्रष्टाचार हो, नौकरियों में भेदभाव हो। जम्मू-कश्मीर के लोग आतंक, अलगाव और खून-खराबा अब नहीं चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पिछले 2 चरणों में हुए भारी मतदान ने जम्मू-कश्मीर की जनता का मूड बता दिया है। दोनों चरणों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त वोटिंग हुई है। अब यहां भाजपा की पूर्ण बहुमत की पहली सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र के लोगों के लिए इतिहास में पहले कभी ऐसा मौका नहीं आया है, जो इस चुनाव में आया है। अब पहली बार जम्मू क्षेत्र के लोगों की इच्छा वाली सरकार बनने जा रही है। आपको इस मौके को छोड़ना नहीं है। क्योंकि भाजपा की जो सरकार यहां बनेगी, वो आपकी पीड़ा को दूर करेगी।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते दशकों में यहां सिर्फ कांग्रेस, NC और PDP के नेता और उनके परिवार ही फले-फुले। आपके हिस्से तो सिर्फ और सिर्फ तबाही



आई। उन्होंने कहा कि ये जो हमारी पीढियां बर्बाद हुई हैं, इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की गलत नीतियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ तबाही दी है। उन्होंने कहा कि जम्मू का बहुत बड़ा हिस्सा बॉर्डर से सटा है। आप वो दौर याद कीजिये, जब सीमापार से आए दिन गोले बरसते थे, आए दिन मीडिया में ब्रेकिंग न्यूज चलती थी कि 'एक बार फिर सीजफायर का उल्लंघन'। उधर से गोलियां चलती थी और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। लेकिन जब भाजपा की सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया, तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 28 सितंबर है, साल 2016 में आज की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी... भारत ने दुनिया को बता दिया था कि ये नया भारत है... ये घर में घुस कर मारता है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि आतंक के आकाओं को पता है कि अगर कुछ भी हिमाकत की... तो मोदी पाताल में भी उन्हें खोज निकालेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है, जिसने हमारी फौज से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। कांग्रेस वो पार्टी है, जो आज भी सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान की भाषा बोलती है। क्या आप ऐसी कांग्रेस कपो माफ कर सकते हैं? देश के लिए मर-मिटने वालों का कांग्रेस कभी सम्मान नहीं कर सकती।

मोदी ने कहा कि आज की कांग्रेस पूरी तरह अर्बन नक्सलियों के कब्जे में है। जब विदेशों से घुसपैठिए यहां आते हैं... तो कांग्रेस को अच्छा लगता है। उनमें इनको अपना वोटबैंक दिखता है।

## भाजपा ने ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर 10 निर्वाचित राज्य सरकारों को चुराया: केजरीवाल

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर-के 10 निर्वाचित राज्य सरकारों को चुराया है।

दिल्ली विधानसभा में जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर अल्पकालिक चर्चा के दौरान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया, मार्च 2016 से मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 राज्य सरकारों को 15 बार गिराने की कोशिश की, जिसमें से वह 10 सरकारों को गिराने में सफल रहे। ये सरकारें गिराई नहीं गईं, बल्कि ये सरकारें



चुराई गईं।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि अजित पवार, प्रताप सरनाईक और हसन मुश्रिफ जैसे महाराष्ट्र के नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हैं, लेकिन उनके भाजपा में शामिल होने या अपनी मूल पार्टी से अलग होकर उसकी सरकार का समर्थन करने पर उनके खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के मामले वापस ले लिए गए।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ संबंधों को लेकर भी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संघ प्रचारक अपना पूरा जीवन आरएसएस की विचारधारा को समर्पित कर देते हैं और बदले में उन्हें क्या मिलता है।

## मुंबई में आतंकी हमले की आशंका, अलर्ट पर पुलिस, बढ़ाई गई धार्मिक स्थलों की सुरक्षा

**मुंबई, 28 सितम्बर।** मुंबई में आतंकी हमले की आशंका को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) द्वारा शहर में संभावित आतंकवादी गतिविधि के बारे में अलर्ट जारी करने के बाद मुंबई पुलिस ने ज्यादातर भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है। दावा किया जा सकता है कि खासकर पूजा स्थलों पर, जहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं वहां पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा कि हमें भीड़-भाड़ वाले इलाकों और धार्मिक स्थानों पर मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया गया है। सभी पुलिस उपायुक्त सक्रिय रूप से अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में सुरक्षा की निगरानी कर रहे हैं।

कथित तौर पर पुलिसकर्मी धार्मिक और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मॉक ड्रिल भी कर रहे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, शहर के डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) को भी अपने-अपने जोन में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। शुक्रवार को पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले क्रॉफर्ड मार्केट इलाके में एक सुरक्षा अभ्यास किया। जब इलाके में भारी पुलिस की मौजूदगी के बारे में पूछताछ की गई, तो अधिकारियों ने बताया कि यह आगामी त्योहारों और विधानसभा चुनावों के मद्देनजर था।

टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, चेंबूर में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने एक मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया, जबकि माटुंगा में, सुबह पुलिस निरीक्षण के बाद एक मंदिर को भक्तों के लिए बंद कर दिया गया। मुंबई, जहां 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव हाल ही में इस महीने की शुरूआत में संपन्न हुआ, अब दुर्गा पूजा, दशहरा और दिवाली की तैयारी कर रहा है।

288 सदस्यीय महाराष्ट्र राज्य विधानसभा के लिए विधान चुनाव भी नवंबर में होने की संभावना है।

## एमयू के सीनेट चुनाव में सभी सीट पर शिवसेना यूबीटी जीत तो महज शुरूआत है: आदित्य ठाकरे

**मुंबई, 28 सितम्बर।** शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि मुंबई विश्वविद्यालय के सीनेट चुनाव में सभी सीट पर उनकी पार्टी की जीत तो बस शुरूआत है और इस तरह की जीत आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी दोहराई जानी चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) की युवा शाखा ह्ययुवा सेनह्न ने सीनेट चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करते हुए सभी 10 स्नातक सीट हासिल कर ली तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबंद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को आसानी से हरा दिया।



शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री के बाहर उत्साहित पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि सीनेट चुनाव के लिए मतदान केवल मुंबई में ही नहीं हुआ, बल्कि ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में भी मतदान हुआ और यह जीत उनकी पार्टी के प्रभाव को दर्शाती है। ठाकरे ने कहा, हमने दिखा दिया है कि जीत क्या होती है। यह शुरूआत है। हमें विधानसभा में भी ऐसी ही जीत दर्ज करनी है।

युवा सेना के प्रमुख एवं वर्ली से विधायक ने कहा कि यह जीत स्नातकों द्वारा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रति जताए गए विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि छात्रों और स्नातकों के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की जाएगी। सीनेट मुंबई विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निर्वाचित निर्णय लेने वाला निकाय और निगरानी संस्था है जिसमें शिक्षकों, प्राचार्यों और कॉलेज प्रबंधन के साथ-साथ पंजीकृत स्नातकों के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसे विश्वविद्यालय का बजट पारित करने का अधिकार है।

नवंबर में होने वाले संभावित राज्य विधानसभा चुनाव से पहले आए ये परिणाम आश्चर्यजनक नहीं हैं, क्योंकि शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल परब ने जुलाई में हुए महाराष्ट्र विधान परिषद (एमएलसी) के चुनाव में मुंबई स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की थी। मातोश्री में बहुत बड़ा जश्न मनाया गया, जिसमें वरुण सरदेसाई जैसे युवा सेना के नेता पार्टी समर्थकों के साथ नृत्य करते हुए नजर आए। सरदेसाई आदित्य के रिश्ते के भाई हैं। आदित्य ठाकरे भी कुछ देर के लिए इसमें शामिल हुए और उन्होंने अपने भाई तेजस और मां रश्मि ठाकरे के चेहरों पर गुलाल लगाया, जो जीत के जश्न में शामिल थे।

## प्रियंका गांधी ने जम्मू की रैली में एलजी को बताया आउटसाइडर

जम्मू। जम्मू के बिश्नाह में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि आपको शायद पता नहीं होगा कि मेरी दादी इंदिरा जी की हत्या से 4-5 दिन पहले हम घर पर बैठे थे, मैं 12 साल की थी, राहुल 14 साल का था। अचानक दादी ने कहा, मुझे पतझड़ में गिरने वाले चिनार के पेड़ देखने हैं। वो हमें कश्मीर लेकर आईं। पहली बार वो मुझे खीर भवानी के मंदिर ले गईं...फिर हम दिल्ली आ गए और 3-4 दिन बाद उनकी हत्या कर दी गई और वो शहीद हो गईं...और तब से मैं जब भी श्रीनगर जाती हूं, खीर भवानी जरूर जाती हूं और अपनी दादी को याद करती हूं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि दुनिया की फितरत है कि जब किसी के पास सब कुछ होता है, तो जिसकी नीयत ठीक नहीं होती, वो उसे छीनने की कोशिश करता है। बीजेपी नेताओं ने जम्मू-कश्मीर को अपनी राजनीतिक शतरंज का मोहरा बना लिया है। नीतियां यहां के लिए नहीं बनती हैं, जो नीतियां आपके लिए बनती हैं, वो राजनीति करने के लिए बनती हैं।

उन्होंने कहा कि यूटी में टेंडर बाहरी लोगों को दिए जा रहे हैं। गांधी ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर से निकाली गई रेत बाहर भेजी जाती है और जब यूटी के लोग इसे खरीदते हैं, तो यह महंगी कीमतों पर आती है। आपके उपराज्यपाल बाहरी व्यक्ति हैं, जो भी नीतियां बनाई जा रही हैं, वे बाहरी लोगों के लिए है। बाहरी लोगों को ठेके दिए जा रहे हैं। आपकी रेत बाहर भेजी जा रही है, और जब आपको इसे खरीदना होता है, तो आपको यह अधिक कीमत पर मिलती है।

## मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट, मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया

**मैसुरु, 28 सितम्बर।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हरियाणा में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए उनके खिलाफ भूमि आवंटन मामले को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए हिंडनबर्ग रिपोर्ट और मणिपुर हिंसा पर उनकी चुप्पी पर शनिवार को सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में कई भ्रष्ट लोग हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री से पहले अपनी पार्टी में चीजें सही करने को कहा।

सिद्धरमैया ने पत्रकारों के एक सवाल पर कहा, उनकी पार्टी (भाजपा) में कई भ्रष्ट लोग हैं। पहले उन्हें सही करिए। नरेन्द्र मोदी हिंडनबर्ग रिपोर्ट या मणिपुर के बारे में क्यों नहीं बोलते? वह



मणिपुर क्यों नहीं गए? राहुल गांधी (कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष) ने इन मुद्दों को उठाया है। वह उन पर क्यों नहीं बोलते? भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने बुधवार को हरियाणा के सोनीपत में कांग्रेस शासित कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर भूमि घोटाले का आरोप है और यहां तक कि उच्च न्यायालय ने भी कहा है कि उनके खिलाफ जांच सही है।

लोकायुक्त पुलिस ने बेंगलुरु की एक विशेष अदालत के आदेश के बाद मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में सिद्धरमैया तथा अन्य के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट के इस आदेश से एक दिन पहले कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस मामले में सिद्धरमैया के खिलाफ जांच कराने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी को बरकरार रखा था। इस मामले में एमयूडीए पर सिद्धरमैया की पत्नी बी एम पार्वती को 14 भूखंड आवंटित करने में अनियमितताएं बरतने का आरोप है। प्राथमिकी के बाद कांग्रेस विधायक और वरिष्ठ अधिवक्ता ए एस पोन्नन्ना के आज उनसे मुलाकात करने के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा, वह मेरे कानूनी सलाहकार हैं। मैं रोज उनसे चर्चा करता हूं। उनकी मुलाकात कोई खास नहीं है। वह हर दिन मुझसे चर्चा करते हैं। वह अपने निर्वाचन क्षेत्र (विराजपेट) जा रहे थे, चूंकि मैं मैसुरु में था तो वह मुझसे मिले। जनता दल (सेक्युलर) नेता और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी द्वारा लगाए आरोपों के बारे में पूछे जाने पर सिद्धमैया ने कहा, कुमारस्वामी केवल झूठ बोलते हैं। वह जो कहते हैं, मैं उन सभी का जवाब नहीं दे सकता।

Tel.: +91 22 24168461
Mob.: +91 9819935664
E-mail: sohamgroupindia@af of 4 info@sohamgroupind.com

Soham
Soham Enterprises & Consultants

SOHAM ENTERPRISES & CONSULTANTS
Complete Fire Fighting Solution

FIRE FIGHTING / DETECTION / SECURITY PRODUCTS





Low High Rise Buildings, Malls, Hotels, Hospitals, Air Ports, Sea Ports, Chemical & Petrochemical industries, Sports Complexes, Textile Mills, Power Generation Plants and many more.

FIRE FIGHTING/DETECTION/ SECURITY PRODUCTS
Soham Enterprises & Consultants

Office No.16, Broadway Shopping Center, Babubhai Jagjivandas, Near Dadar T. T. Circle, Dr. Ambedkar Road, Dadar (E), Mumbai - 400 014

Regd. Add: 29/B, Bhiwandiwala Bldg., L. N. Road, Near Shastri Market, Matunga, Mumbai - 400019, Website: www.sohamgroupind.com

## तिरुपति लड्डू विवाद: झूठ मत फैलाओ, नोटिस दिखाओ, जगन मोहन ने रद्द की यात्रा तो बोले चंद्रबाबू

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर।** वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी द्वारा तिरुपति भगवान वेंकटेश्वर मंदिर की अपनी यात्रा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने के कुछ ही घंटों बाद, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपने पूर्ववर्ती की आलोचना की और उन पर इस मुद्दे पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। रेड्डी द्वारा सत्तारूढ़ टीडीपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, जिसमें उन्होंने टीडीपी सरकार को राक्षस राज्यम (राक्षसों का राज्य) कहा था, नायडू ने जोर देकर कहा कि टीटीडी की अपनी परंपराएं और सिद्धांत हैं जिनका सभी को सम्मान करना चाहिए, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो।

चंद्रबाबू ने कहा कि किसी ने भी यह नहीं कहा है कि रेड्डी को मंदिर नहीं जाना चाहिए। हाल के विवादों के कारण, हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंची है, और भक्त विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर वह तिरुमाला जाते हैं, तो इन समूहों ने संकेत दिया है कि वे भी लामबंद हो जाएंगे। पुलिस शांति और व्यवस्था बनाए रख रही है। नायडू ने कहा कि वह इस मुद्दे पर गलत



जानकारी क्यों फैला रहे हैं? हर धर्म की अपनी परंपराएं और सिद्धांत होते हैं, जिनका सम्मान किया जाना चाहिए। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान रेड्डी के अन्य धर्मों का सम्मान करने संबंधी बयान पर भी पलटवार किया।

तिरुपति लड्डू विवाद में जानवररों की चर्बी के मामले को लेकर चंद्रबाबू नायडू के आरोपों के बाद से ही पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डे बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। आरोपों के बीच उन्होंने मंदिर यात्रा का दांव चला था। लेकिन पुलिस की तरफ से नोटिस के बाद इस मामले में भी उन्हें अपने कदम पीछे खींचने पड़े हैं। टीडीपी द्वारा वाईएसआरसीपी प्रमुख से अपनी आस्था स्पष्ट करने की मांग किये जाने के बीच वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने अपना तिरुमाला दौरा रद्द किया। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने खुद ही इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मैं तिरुमाला यात्रा स्थगित कर रहा हूं।

# शाकाहार से पर्यावरण ही नहीं, विश्व-व्यवस्था भी सुरक्षित

## विश्व शाकाहार दिवस- 1 अक्टूबर 2024



-ललित गर्ग

विश्व शाकाहार दिवस, प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह 1977 में उत्तरी अमेरिकी शाकाहारी समाज का स्थापना दिवस है और 1978 में अंतर्राष्ट्रीय शाकाहारी संघ द्वारा शाकाहार से खुशी, करुणा और जीवन-वृद्धि की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिये इसका समर्थन किया था। यह दिवस शाकाहारी जीवन शैली के नैतिक, पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और मानवीय लाभों के बारे में जागरूकता लाता है। दुनिया भर के कई देशों में विशेष रूप से यूरोप में, शाकाहारी जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए कई सार्वजनिक शैक्षिक और उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह एक अंतरराष्ट्रीय अभियान है जो लोगों को अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण-स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए मांस का सेवन बंद करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

शाकाहारी खानपान को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण और जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। फल, सब्जियों, दालों और पूर्ण अनाज वाली शाकाहरी डाइट से शरीर को अच्छी मात्रा में फाइबर मिलता है। इससे पाचन अच्छा रहता है और कब्ज जैसी दिक्कतें भी नहीं होती हैं। मांसाहारी डाइट में मीट होता है जिससे बैक्टीरिया के शरीर में प्रवेश करने की संभावना ज्यादा होती है। इससे उलट शाकाहारी डाइट में बैक्टीरिया का खतरा कम होता है। इससे इंसुलिन लेवल बैलेंस होता है और ग्लूकोज लेवल्स भी सामान्य रहते हैं। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि जानवरों के प्रति हिंसा के बर्ताव के प्रति संवेदनशीलता लाना और शाकाहार के प्रति लोगों को प्रेरित करना, जिससे एक सभ्य, अहिंसक और बेहतर समाज का निर्माण हो सके। भगवान महावीर, महात्मा बुद्ध और महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों ने जहां भारत को अहिंसा के जरिए विश्व में अपनी पहचान बनाई, वही उन्होंने अहिंसा एवं शाकाहार जीवन पद्धति के प्रति लोगों को जागरूक किया। विज्ञान भी यह कहता है कि शाकाहार सबसे बेहतर भोजन है जिससे तमाम प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है, वही मांसाहारी भोजन ग्रहण करने से जहां मानसिक विकार पनपते हैं। शाकाहार को सबसे निरापद, उपयुक्त एवं स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन स्वीकार किया गया है।

इंसान के खुशहाल जीवन एवं निरोगता के लिये खानपान में बदलाव की




स्वर दुनियाभर में सुनाई दे रहे हैं। मांसाहार को छोड़ने वालों की संख्या भारत ही नहीं, दुनिया में बढ़ती जा रही हैं। ग्लोबल रिसर्च कंपनी इप्सोस के हाल ही में कराये गये एक सर्वेक्षण के अनुसार अब 63 प्रतिशत भारतीय अपने भोजन में मांसाहार के स्थान पर शाकाहार को अपना रहे हैं। एक अन्य समाचार के अनुसार अमरीका में डेढ़ करोड़ व्यक्ति शाकाहारी हैं। दस वर्ष पूर्व नीदरलैंड की डेढ़ प्रतिशत आबादी शाकाहारी थी जबकि वर्तमान में वहाँ पांच प्रतिशत लोग शाकाहारी हैं। सुप्रसिद्ध गैलप मतगणना के अनुसार इंग्लैंड में प्रति सप्ताह तीन हजार व्यक्ति शाकाहारी बन रहे हैं। वहाँ अब पच्चीस लाख से अधिक व्यक्ति शाकाहारी हैं। बढ़ती बीमारियां के कारण जीवन की कम होती सांसों ने इंसान को शाकाहार अपनाने के लिये विवश किया है। विश्वभर के डॉक्टरों ने यह साबित कर दिया है कि शाकाहारी भोजन उत्तम स्वास्थ्य के लिए सर्वश्रेष्ठ है। फल-फूल, सब्जी, विभिन्न प्रकार की दालें, बीज एवं दूध से बने पदार्थों आदि से मिलकर बना हुआ संतुलित आहार भोजन में कोई भी जहरीले तत्व नहीं पैदा करता। इसका प्रमुख कारण यह है कि जब कोई जानवर मारा जाता है तो वह मृत-पदार्थ बनता है। यह बात सब्जी के साथ लागू नहीं होती। यदि किसी सब्जी को आधा काट दिया जाए और आधा काटकर जमीन में गाड़ दिया जाए तो वह पुनः सब्जी के पेड़ के रूप में उत्पन्न हो जाएगी। क्यों कि वह एक जीवित पदार्थ है। लेकिन यह बात एक भेड़, मेमने या मुरगे के लिए नहीं कही जा सकती।

अन्य विशिष्ट खोजों के द्वारा यह भी पता चला है कि जब किसी जानवर को मारा जाता है तब वह इतना भयभीत हो जाता है कि भय से उत्पन्न जहरीले तत्व उसके सारे शरीर में फैल जाते हैं और वे जहरीले तत्व मांस के रूप में उन व्यक्तियों के शरीर में पहुँचते हैं, जो उन्हें खाते हैं। हमारा शरीर उन जहरीले तत्वों को पूर्णतया निकालने में सामर्थ्यवान नहीं हैं। नतीजा यह होता है कि उच्च रक्तचाप, दिल व गुरदे आदि की बीमारी मांसाहारियों को जल्दी आक्रांत करती है। प्रकृति ने मनुष्य को स्वभाव से ही शाकाहारी बनाया है। कोई भी श्रमजीवी मांसाहार नहीं करता, चाहे वह घोड़ा हो या ऊँट, बैल हो या हाथी। फिर मनुष्य ही अपने स्वभाव के विपरीत मांसाहार कर संसार भर की बीमारियां और विकृतियां क्यों मोल लेता है? केवल जिव्हा के स्वाद के लिए मांस भक्षण करना हिंसा ही नहीं अपितु परपीड़न की पराकाष्ठा भी है। सुश्रुत संहिता, में लिखा है कि भोजन पकाना यज्ञ की तरह एक पवित्र कार्य है। मांसाहार से तामसी वृतियां पैदा होती हैं जो इंसान को क्रूर और हिंसक बनाता है। महात्मा गांधी कहते थे कि स्वाद पदार्थ में नहीं, अपितु मनुष्य की अपनी जिव्हा में होता है। नीम की चटनी से जीभ के स्वाद पर नियंत्रण कर लेने वाले गांधी के देश में आज मांसाहार का विरोध तो दूर, उल्टे कुछ क्षेत्रों में मांसाहार को बल दिया जाना, चिन्तनीय है, अहिंसा के उपासक देश के लिए लज्जास्पद भी। मांसाहार को प्रोत्साहित करने एवं उसके प्रचार करने के लिए मांस उद्योग तरह-तरह के हथकण्डे अपनाता रहा है। व्यावसायिक लोगों के द्वारा अपने लाभ के लिये एवं सरकारें भी मांसाहार एवं अण्डे के प्रचार एवं प्रयोग के लिये इस तरह के तथाकथित क्रूर एवं धार्मिक आस्थाओं को कुचलने वाले उपक्रम करती रही है। हमारे यहां अण्डे को शाकाहार और निर्जीव के रूप में प्रचारित कर-के पौल्ट्री उद्योग ने अपना व्यावसायिक जाल फैलाने की कुटिल कोशिश की। लेकिन यह शुभ संवाद है कि अब भारत में शाकाहार को बल देने की शुरूआत हुई है, जिसको जन-जन की जीवनशैली बनाना अहिंसा के पक्षधर प्रत्येक प्रबुद्ध नागरिक का नैतिक दायित्व है तथा मुख सुख के लिए निरीह प्राणियों और अजन्मे अंकुरों की निर्मम हत्या के विरुद्ध जनमानस तैयार करना सबका प्रथम कर्तव्य है। भारत में शाकाहार को बल देने के प्रयत्न होते रहे हैं, न केवल भारत बल्कि संसार के महान बुद्धिजीवी, उदाहरणार्थ अरस्तू, प्लेटो, लियोनार्दो दविंची, शेक्सपीयर, डारविन, पी. एच. हक्सले, इमर्सन, आइन्सटीन, जार्ज बर्नार्ड शा, एच.जी.वेल्स, सर जूलियन हक्सले, लियो टॉलस्टॉय, शैली, रूसो आदि सभी शाकाहारी ही थे। अमरीका के विश्व विख्यात पोषण विशेषज्ञ डॉ.माइकेल क्लेपर का कहना है कि अंडे का पीला भाग विश्व में कोलस्ट्रोल एवं जमी चिकनाई का सबसे बड़ा स्रोत है जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। आज विश्व में सबसे बड़ी समस्या है, विश्व शांति की और बढ़ती हुई हिंसा को रोकने की। चारों ओर हिंसा एवं आतंकवाद के बादल उमड़ रहे हैं। उन्हें यदि रोका जा सकता हैं तो केवल मनुष्य के स्वभाव को अहिंसा और शाकाहार की ओर प्रवृत्त करने से ही। मांसाहार महज बीमारियों की वजह नहीं है बल्कि अहिंसा, शांति, पर्यावरण, कृषि, नैतिकता और मानव-मूल्यों के विपरीत है। यह अर्थव्यवस्था के लिए भी नकारात्मक है। पश्चिम में शाकाहारी होना आधुनिकता पर्याय बन गया है। आए दिन लोग खुद को शाकाहारी घोषित कर इस नए चलन के अगुवा बताने में गर्व अनुभव करते देखे जा सकते हैं। पश्चिमी दर्शनों की विचारधारा, जो कभी मांसाहार को सबसे मुफीद मानती थी वही दर्शनों की धारा अब शाकाहार की ओर रुख करने लगी है। यह कई नजरिए से शाकाहार के हक में एक अच्छा संकेत कहा जाना चाहिए। मांसाहार कई समस्याओं का कारण है और इससे कृषि-संस्कृति को जबरदस्त नुकसान पहुंच रहा है। आयुर्वेद में मांसाहार को विपत्तियों का घर कहा गया है। शाकाहार को प्रोत्साहन देने का अर्थ उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ उन्नत अर्थ-व्यवस्था एवं प्रगतिशील जीवनशैली हैं।

# पाकिस्तान से अपना देश तो संभलता नहीं, अलापता फिर रहा है कश्मीर का राग!



अशोक भाटिया

-अशोक भाटिया

जम्मू- कश्मीर में विधानसभा के लिए दो चरण के मतदान हो चुके है व तीसरे चरण के मतदान की तैयारी चल रही है । 10 सालों बाद हो रहे स्थानीय चुनाव को लेकर वोटर जोश में हैं। भारी मतदान से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनता अब पाकिस्तान के खौफ को भूल चुकी है । उसके बावजूद पाकिस्तान ने शुक्रवार (27 सितंबर) को संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक बार फिर कश्मीर मुद्दा उठाया है । प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत से स्थायी शांति हासिल करने के लिए अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को पलटने का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में बोलते हुए शरीफ ने भारत से जम्मू-कश्मीर संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चर्चा में शामिल होने का आह्वान किया। अपने भाषण में, जो 20 मिनट से अधिक समय तक चला, शरीफ ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे को संबोधित किया, जिसमें अनुच्छेद 370 को हटाने और हिजबुल आतंकवादी बुरहान वानी का जिक्र किया गया।

यूएनजीए में अपने संबोधन के दौरान, पाकिस्तानी नेता ने फिलिस्तीन और जम्मू-कश्मीर की स्थितियों के बीच तुलना की, जिसमें कहा गया कि दोनों ने एक सदी तक अपनी स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि इसी तरह, फिलिस्तीन के लोगों की तरह, जम्मू और कश्मीर के लोगों ने भी अपनी स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए एक सदी तक संघर्ष किया है।

अनुच्छेद 370 को रद्द करने के भारत के 2019 के फैसले पर टिप्पणी करते हुए, शरीफ ने कहा कि स्थायी शांति स्थापित करने के लिए, भारत को अगस्त 2019 में की गई अवैध और एकतरफा कार्रवाई को उलटना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार जम्मू और कश्मीर मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत करनी चाहिए।

शरीफ ने भारत में जम्मू-कश्मीर पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं से भटकने का भी आरोप लगाया। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रस्तावों के लिए जनमत संग्रह की आवश्यकता है, जिससे जम्मू-कश्मीर के लोगों को आत्मनिर्णय के अधिकार के माध्यम से अपना भविष्य तय करने की अनुमति मिल सके। शरीफ ने आगे दावा किया कि इस्लामोफोबिया का उदय एक चिंताजनक वैश्विक प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा कि इस्लामोफोबिया का सबसे खतरनाक उदाहरण भारत में हिंदू वर्चस्ववादी एजेंडा है, जिसका उद्देश्य 200 मिलियन मुसलमानों पर अत्याचार करना और देश के इस्लामी इतिहास को मिटाना है। उन्होंने कहा, एक क्लासिक उपनिवेशवादी परियोजना के तहत भारत कश्मीरी जमीनों और संपत्तियों पर कब्जा कर रहा है और मुस्लिम बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यक में बदलने के अपने नापाक इरादे के तहत बाहरी लोगों को जम्मू-कश्मीर में बसा रहा है।

यूएन में भारत के मिशन में प्रथम सचिव और भारतीय राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने यूएनजीए में शरीफ की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए उनके भाषण को राइट ऑफ रिप्लाई सत्र के दौरान हास्यास्पद बताया। उन्होंने आगे कहा, ₹इस महासभा ने आज सुबह एक दुर्भाग्यपूर्ण तमाशा देखा, जहां एक ऐसा देश, जिसे उसकी सेना चलाती है और जिसका वैश्विक स्तर पर आतंकवाद, मादक पदार्थों के व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय अपराधों में नाम है, ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने की हिम्मत की है। मैं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री द्वारा अपने भाषण में भारत पर किए गए हमले का जिक्र कर रहा हूं। भारतीय प्रतिनिधि ने पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि पाकिस्तान ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ लंबे समय से आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा, ₹पाकिस्तान ने हमारे संसद, हमारी आर्थिक राजधानी मुंबई, बाजारों और तीर्थ यात्राओं पर हमले किए हैं। एक ऐसे देश के लिए, जिसने बार-बार हिंसा का सहारा लिया हो, दूसरों पर हिंसा का आरोप लगाना पाखंड की चरम सीमा है।

भारत ने पाकिस्तान की 'रणनीतिक संयम' की किसी भी योजना का सीधा विरोध किया। भारतीय प्रतिनिधि ने स्पष्ट किया, आतंकवाद से कोई समझौता नहीं हो सकता। पाकिस्तान को यह समझना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के गंभीर परिणाम होंगे। भारत ने पाकिस्तान की अल्पसंख्यकों के प्रति क्रूर नीतियों और 1971 के नरसंहार की भी निंदा की। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा, ₹यह हास्यास्पद है कि एक ऐसा देश, जिसने 1971 में नरसंहार किया और जो अभी भी अपने अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करता है, असहिष्णुता और फोबिया की बात कर रहा है।₹भारत ने पाकिस्तान पर ओसामा बिन लादेन को शरण देने और वैश्विक स्तर पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा, दुनिया जानती है कि पाकिस्तान ने लंबे समय तक ओसामा बिन लादेन को शरण दी और उसके आतंकवादी हमलों में बार-बार पाकिस्तान की भूमिका रही है। पाकिस्तान की नीतियों ने समाज के सबसे खराब तत्वों को अपनी ओर आकर्षित किया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत का रुख स्पष्ट और दृढ़ रहा, और भारत ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। भारतीय प्रतिनिधि ने अंत में कहा, ₹हमारा रुख स्पष्ट है और इसे बार-बार दोहराने की आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तान सत्य को और झूठ से नहीं छिपा सकता। भारत ने पाकिस्तान को सख्त संदेश देते हुए आतंकवाद के खिलाफ अपनी कड़ी नीति को दोहराया और यह भी कहा कि वह अपने संप्रभु अधिकारों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। पाकिस्तान कश्मीर का राग अलाप रहा है वहीं पाकिस्तान ऑक्युपाइड कश्मीर के हाल बेहाल होता जा रहा हैं। पाकिस्तान के संविधान ने उसे स्वायत्ता दी हुई है। मतलब कायदे से उसपर पाकिस्तान का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। लेकिन मामला इससे अलग है। पीओके ऑटोनमी पाए हुए है लेकिन रस्मी तौर पर ही। उसके पास कहने को अपना प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अपनी सुप्रीम कोर्ट तक है, लेकिन इस सब पर पाकिस्तान का दखल रहा है ।

इसकी दो एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट हैं। एक है कश्मीर। और दूसरा गिलगित बाल्टिस्तान। कश्मीर को पाकिस्तान स्वायत्त क्षेत्र मानता है और दावा करता है कि वो उसकी राजनीति या फैसलों में खास दखल नहीं देता। वहीं गिलगित बाल्टिस्तान के पास सीमित ऑटोनमी है। इसकी एक वजह ये भी है कि ये इलाका सामरिक लिहाज से काफी अहम है। साथ ही साथ यहां से चीन पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर भी गुजरती है इसलिए भी पाकिस्तान के लिए यहां सीधा कंट्रोल जरूरी है।

भारत लगातार पीओके पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे का मुद्दा उठाते हुए अपना दावा पेश करता रहा है ।पाकिस्तान ने पूरी साजिश के साथ इसे हड़प तो लिया लेकिन भीतर ही भीतर वो डरे हुए है कि अगर उसने जोर-जबर्दस्ती की तो मामला हाथ से चला न जाए। यही वजह है कि उसने न तो इस क्षेत्र को अपनाया, न ही अलग कर सका। विवादित इलाका होने की वजह से उसने यहां विकास पर भी ध्यान नहीं दिया। पाकिस्तान का इसके साथ रवैया कुछ वैसा ही रहा, जैसे घर के सामने अतिक्रमण की हुई जमीन के साथ घरवालों का होता है। वे उसपर कब्जा तो कर लेते हैं, लेकिन कोई स्थाई स्ट्रक्चर बनाने या बाड़ बनाने से डरते हैं क्योंकि कहीं न कहीं जानते हैं कि आगे चलकर वे फंस सकते हैं। तो पीओके की हालत भी कब्जाई हुई जमीन जैसी हो चुकी। उसपर घास-फूस लगाई जा रही है, लेकिन पक्की दीवार डालकर दावा पेश करने से बचा जा रहा है।

तकनीकी तौर पर पाकिस्तान पीओके को अपना क्षेत्र नहीं, बल्कि स्वायत्त बताता है। पाकिस्तान के संविधान में देश के चार हिस्से हैं- पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा। पाकिस्तान ऑक्युपाइड कश्मीर इसमें शामिल नहीं। पाकिस्तान की संसद में भी इसका कोई रिप्रेजेंटेशन नहीं।करीब 13 हजार किलोमीटर में फैले और 40 लाख से ज्यादा आबादी वाले पीओके को आंतरिक व्यवस्था चलाने की इजाजत है। वहां का राजनैतिक ढांचा अलग है, जहां एक अलग प्रधानमंत्री और विधानसभा होती है ताकि वे अपने स्थानीय मुद्दों को बेहतर ढंग से संभाल सकें। हालांकि पीओके से लगातार शिकायत आती रही कि सेंटर ही तय करता है कि कौन पीएम बनेगा, या फिर वो किस तरह के फैसले लेगा। होता ये है कि पाकिस्तान ये सुनिश्चित करता है कि केवल वही लोग चुनाव में हिस्सा लें जो उसे सपोर्ट करते हैं।

पीओके की सरकार आजाद कश्मीर अंतरिम कंस्टीट्यूशन एक्ट के तहत चलती है। लेकिन असल में इसका सरकारी ढांचा शक्तिहीन और हर तरह से पाकिस्तान पर निर्भर है। है ऐसा कि इस पूरे क्षेत्र को 14 सदस्यों वाली काउंसिल चलाती है, जिसपर इस्लामाबाद का कंट्रोल रहता है। इसमें लगभग आधे सदस्य पाकिस्तान के, जबकि आधे ही आजाद कश्मीर के होते हैं। इनका मुखिया पीएम होता है। ऐसे में काउंसिल जो भी निर्णय लेगी, उसे पीएम की नजरों से गुजरना पड़ता है।

पाकिस्तानी संविधान के आर्टिकल 1 में, पीओके चूंकि देश का हिस्सा नहीं, इसलिए यहां के लोग नेशनल असेंबली में भाग नहीं ले सकते। इस तरह से पाकिस्तान ने पीओके और अपने बीच एक दीवार खींच रखी है। वो कई बार यूएन में इस बात की दुहाई भी दे चुका कि उसने तो पीओके को इतनी छूट दे रखी है, जबकि भारत ने जम्मू-कश्मीर को अपना रखा है।पीओके वो हिस्सा है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान आतंकियों की ट्रेनिंग के लिए करता रहा। मुंबई हमलों के दोषी आतंकी अजमल कसाब को यहां की राजधानी मुजफ्फराबाद में ही प्रशिक्षण मिला था। आरोप है कि टैरर फैक्ट्री बनाने के अलावा पाकिस्तान की सरकार ने यहां कोई काम नहीं किया। वो स्थानीय लोगों को भड़काती है कि उनके ये हाल भारत के चलते हैं। बेरोजगार लोगों को मिलिटेंट बनाती और इस्तेमाल करती है।पीओके के लोग लगातार जोर लगाते रहे कि पाकिस्तान अपनी सेना और अपना राजनैतिक दखल दोनों वहां से हटा ले। इसे लेकर बहुत बार प्रदर्शन भी हुए। दूसरी तरफ भारत का रवैया पीओके के लिए हमेशा नरम और बिछड़े भाई जैसा रहा। कुछ समय पहले कश्मीर में एक चुनावी रैली के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओके का जिक्र करते हुए उन्हें वापस भारत से जुड़ने का खुला ऑफर दिया था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के लोग पीओके की जनता को विदेशी मानते हैं, लेकिन भारत ने उन्हें हमेशा अपना माना है। आइए और हमारा हिस्सा बनिए क्योंकि पाकिस्तान आपको संभाल नहीं पा रहा है।

# वैश्विक युद्ध में हुक्मरानों की क्रूरता, कैसे हो समाधान?



संजीव ठाकुर

मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है। बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है। रूस यूक्रेन युद्ध और इजरायल फलस्तीन हमास युद्ध इसका ताजा उदाहरण है। अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके दर्दनाक उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं। भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए।

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं, यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है' भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है। भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है। आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा' वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है' आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही है। वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# संरक्षित हों तीर्थस्थल की हिन्दू वंशावलियों की पंजिका

हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है।

हिंदू तीर्थस्थल धार्मिक मान्यताओं और पूजन अर्चन के लिए विख्यात है। इन सब कार्य को इन स्थलों के ब्राह्मण पंडित कराते हैं। ये ब्राह्मण पंडित पंडा कहे जाते हैं। ये पंडा सदियों से एक कार्य करते और कराते आ रहे हैं। ये पंडा अपने पास आने वाले यजमान (भक्तों) के परिवार का इतिहास अपनी बहियों में संजोते जा रहें हैं। ये काम सदियों से अनवरत रूप से जारी है। ये हिन्दू वंशावलियों की पंजिकाएं ऐतिहासिक धरोहर हैं। आज इनके संरक्षण की आवश्यक्ता है। इनके संजोकर रखने की जरूरत है।

हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है। अधिकतर भारतीयों व वे परिवार जो विदेश में बस गए उनको आज भी पता नहीं कि इन तीर्थस्थल की पंडो की बहियों में उनके परिवार की वंशावली दर्ज है। हिन्दू परिवारों की पिछली कई पीढ़ियों की विस्तृत वंशावलियां इन पंडा के पास संग्रहित हैं। ये पंडा आने वाले यजमान से उसके परिवार की जानकारी नोट करने के बाद उसके हस्ताक्षर कराकर बही में अपने पास रखते हैं। ये पंडा ये बहियां अपनी आने वाली अपनी पीढ़ी को सौंपते जाते हैं। ये बहियां जिलों व गांवों के आधार पर वगीकृत की गयीं हैं। प्रत्येक जिले की पंजिका का विशिष्ट पंडित होता है। यहाँ तक कि भारत के विभाजन के उपरांत जो जिले व गाँव पाकिस्तान में रह गए व हिन्दू भारत आ गए उनकी भी वंशावलियां यहाँ हैं। कई स्थितियों में उन हिन्दुओं के वंशज अब सिख हैं, तो कई के मुस्लिम अपितु ईसाई भी हैं। किसी-किसी की सात वंश या उससे भी ज्यादा की जानकारी पंडों के पास रखी इन वंशावली पंजिकाओं से होना साधारण सी बात है।

शताब्दियों पूर्व से हिन्दू पूर्वजों ने हरिद्वार या किसी पावन नगरी की यात्रा की/ तीर्थयात्रा के लिए या/ शव-दाह या स्वजनों के अस्थि व राख का गंगा जल में किया होगा तो वे संबद्ध पंडा के पास गए होंगे। ये पंडा इन आने वालों के रहने खाने तक की व्यवस्था करते हैं। इन पंडाओं ने अपनी पंजिका में वंश-वृक्ष को संयुक्त परिवारों में हुए सभी विवाहों, जन्म व मृत्युओं के विवरण दर्ज किया हुआ हैं। वर्तमान में धार्मिक स्थल पर जाने वाले भारतीय हक्के-बक्के रह जाते हैं जब वहां के पंडित उनसे उनके अपने वंश-वृक्ष को नवीनीकृत कराने को कहते हैं।

आजकल जब संयुक्त हिदू परिवार का चलन खत्म हो गया है। लोग एकल परिवारों को तरजीह दे रहे हैं, ये पंडित चाहते हैं कि आगंतुक अपने फैले परिवारों के लोगों व अपने पुराने जिलों- गाँवों, दादा- दादी के नाम व परदादा-परदादी और विवाहों, जन्मों और मृत्यु, परिवारों में हुए विवाह आदि की पूरी जानकारी के साथ वहां आएं। आगंतुक परिवार के सदस्य को सभी जानकारी नवीनीकृत करने के उपरांत वंशावली पंजीका को भविष्य के पारिवारिक सदस्यों के लिए व प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षरित करना होता है। साथ आये मित्रों व अन्य पारिवारिक सदस्यों से भी साक्षी के तौर पर हस्ताक्षर करने की विनती की जा सकती है। इन तीर्थ स्थल के पुरोहितों के पास देश और दुनिया भर के यजमानों का दशकों पुराना लिखित रिकॉर्ड वंशावली के रूप में मौजूद है। किसी यजमान के आने पर चंद मिनटों में ही संबंधित पुरोहित कंप्यूटर से भी तेज गति से वंशावली देखकर उनके पूर्वजों की जानकारी दे देते हैं। पितृ पक्ष के दौरान इन तीर्थ स्थल पर आने वाले लोग अपने तीर्थ पुरोहितों के पास आकर वंशावली में अपने वंश के बारे में जरूर जानते हैं। ये पडे जनपद के हिसाब से हैं। तीर्थ स्थल में पहने वालों को पता है कि किस जनपद के पंडा कौन हैं। किसी दूसरे के यजमान को कोई अन्य पंडा खुद क्रिया-कर्म नहीं कराता। संबधित जिले के पंडा के पास उसे भेज देता है। शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है। इन वंशावलियों में जातियों, गोत्रों, उपगोत्रों का भी जिक्र रहता है। सबसे अहम बात इन बहियों में देखने को मिलती हैं कि तीर्थ पुरोहितों ने लेखन को भेदभाव से दूर रखा है। जहां राजाओं, महाराजाओं की वंशावलियां जिस क्रम में अंकित हैं, उसी क्रम में तीर्थ नगरी में पहुंचने वाले अन्य श्रद्धालुओं की हैं। विभिन्न राजवंशों की मुद्रांए, हस्त लेखन, दान पत्र, अंगूठे और पंजों के निशान बहियों में मौजूद हैं। यहां की वंशावलियों में देश की कई रियासतों के राजाओं के आने के उल्लेख दर्ज हैं। अक्तूबर 2007 में हमें इंडियन वर्किंग जर्नलिस्ट की एक कांफ्रेंस में बद्रीनाथ जाने का अवसर मिला। मेरे साथ गए मेरे दोस्त नरेंद्र मारवाड़ी भी थे। हम मारवाड़ी के साथ बद्रीनाथ में, अजमेर के महावर वालों की धर्मशाला में चले गए। ये मारवाड़ी के परिवारवालों की धर्मशाला हैं। वहां पंडित जी से बात की। वंशानुक्रम के बारे में बताया। बात करते-करते पंडित जी ने अपनी बही खोलकर उनके गोत्र का विवरण खोला तो पता चला कि मारवाड़ी के पिता जी 41 वर्ष पूर्व यहां यात्रा को आए थे। यात्रा को आने के बाद हुए उनके दो बच्चों का विवरण दर्ज नहीं थे। पंडित जी ने बही देखकर बताया कि 93 साल पूर्व उनके दादा जी बद्रीनाथ आए थे। दोनों के आने की तिथि तक वही में दर्ज थी। उनके हस्ताक्षर भी बही में मौजूद थे। मित्र को अपने बाबा का नाम ज्ञात था। यहां बही से उन्होंने अपने बाबा के पिता उनके भाई, बाबा के दादा और उनके भाइयों आदि का विवरण नोट किया। पंडित जी ने अपनी वही में मित्र से अपने और उनके बच्चे, भाई और भाइयों के बच्चों की जानकारी नोट की। नीचे तारीख, माह, सन डालकर हस्ताक्षर कराए। सदियों से चले आ रहा इतिहास को संजोकर रखना एक दुरूह कार्य है। इस कार्य को ये पंडे सुगमता से पीढ़ियों से करते चले आ रहे हैं। आज इस इतिहास को संजोने और संरक्षण की जरूरत है। अच्छा रहे कि इनका कंप्यूटरीकरण हो जाए। बहियों को लैमिनेट करके भी संरक्षित किया जा सकता है। कैसे भी हो, ये होना चाहिए, नहीं तो समय के साथ ये गलता और खराब होता चला जाएगा।। ये काम इनके व्यक्तिगत स्तर से संभव नहीं। सरकार को अपने स्तर से कराना होगा, तभी ये संभव हो पाएगा। - अशोक मधुप

## बोईसर के प्रतीक यादव अंडर-19 मुंबई क्रिकेट टीम में हुए चयनित



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर अंतर्गत स्थित धनानी नगर के निवासी रवि यादव के सुपुत्र प्रतीक यादव का चयन अंडर-19 मुंबई में हुआ है और उन्हें बतौर कैप्टन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। बतादें कि द अंडर 19 सिलेक्शन कमेटी ऑफ मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के दीपक जाधव की अध्यक्षता में मंदार फड़के, उमेश घोटखिंडकर, भाविन ठक्कर तथा पियूष सोनेजी की पांच सदस्यीय चयन समिति द्वारा आगामी 4 अक्टूबर 2024 को दिल्ली में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के लिए अंडर 19 मुंबई के क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इस चयन समिति द्वारा प्रतीक यादव के चयन के साथ ही साथ उन्हें कैप्टन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं चयन समिति द्वारा प्रतीक यादव(कैप्टन) के अलावा राजा मिर्जा, अवैस खान, नमन झावर, हर्ष गायकर, आर्यन सकपाल, आरुष पाटनकर, ह्रिशिकेस गोरे, आर्यन चौहान, वंश देवेंद्र, आकाश पवार, हर्ष मोरे, पार्थ अंकोलेकर,नमन पुष्पक, प्रसून सिंह का चयन करने के पश्चात सचिव अभय हड़प तथा सह सचिव दीपक पाटील द्वारा चयन सूची जारी कर दी गई है। बोईसर के पी.डी.टी.एस.ए. ग्राउंड में प्रैक्टिस दौरान खूब मेहनत करने वाले बोईसर शहर अंतर्गत स्थित धनानी नगर निवासी प्रतीक यादव के अंडर 19 मुंबई क्रिकेट टीम में बतौर कैप्टन चयन किए जाने पर परिवार जनों के साथ ही साथ उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## सिद्धार्थ टी. कांबले समाजरत्न पुरस्कार से हुए सम्मानित, बधाई देने वालों का तांता लगा



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** लंबे समय से सहकार क्षेत्र में अपनी अच्छी खासी पकड़ बनाए हुए मुंबई बैंक के उपाध्यक्ष राकांपा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ टी. कांबले को हाल ही में समाजरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सिद्धार्थ कांबले के समाजरत्न पुरस्कार मिलने की खुशी में राकांपा चांदीवली विधानसभा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, विक्रोली विधानसभा अध्यक्ष सोहन सहदेवन, सायन कोलीवाडा के अध्यक्ष मुरुगन स्वामी, नंदू सवने, असराफ खान और आशिष गोयल ने उनका सत्कार किया है।

## डॉ. दयानंद तिवारी को आशीर्वाद गौरव सम्मान से हुए सम्मानित



**मुंबई (उत्तर शक्ति)।** सुप्रसिद्ध शिक्षा विद साहित्यकार प्रोफेसर डॉ. दयानंद तिवारी को आशीर्वाद और आईआईएम मुंबई के संयुक्त तत्त्ववधान में 27 सितम्बर 24 को आईआईएम मुंबई सभागृह में आयोजित 32 वें आशीर्वाद राजभाषा पुरस्कार समारोह में महाभारत के गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका निभानेवाले सुप्रसिद्ध अभिनेता सुरेंद्र पाल के हाथो आशीर्वाद गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए सायन कोळीवाड़ा म्हाडा कालोनी स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर के ट्रस्टी भरत भाई शुक्ला, समाज सेवी के के मिश्र, दैनिक उत्तरशक्ति समाचार पत्र के संपादक ओमप्रकाश प्रजापति, उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा, पत्रकार संजय मिश्रा, पत्रकार राजकुमार अग्रहरि, नालासोपारा से पत्रकार राजेश वर्मा, बहुजन विकास आघाड़ी के पंडित महेंद्र शर्मा, जगदीश तिवारी, पंडित आचार्य दिनानाथ शुक्ल सहित सभी लोगों ने हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## सैमसंग ने अपनी सबसे बड़ी फेस्टिव सेल फैब ग्रैब फेस्ट की घोषणा की

**मुंबई/पटना।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रैंड सैमसंग ने आज अपनी सबसे बड़ी फेस्टिव सेल फैब ग्रैब फेस्ट की घोषणा की है। इस सेल की शुरूआत 26 सितंबर से हो रही है। इसमें गैलेक्सी स्मार्टफोन्स, टैबलेट्स, लैपटॉप्स, एसेसरीज, वियरेबल्स, स्मार्ट टेलीविजन, डिजिटल उपकरणों और स्मार्ट मॉनिटर्स पर आकर्षक डील्स एवं कैशबैक की पेशकश की जा रही है। ये अनूठे ऑफर्स सैमसंग डॉट कॉम, सैमसंग शॉपऐप और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। बाय मोर सेव मोर इस फेस्टिव सेल का मुख्य आकर्षण होगा बाय मोर सेव मोर, जिसमें ग्राहक दो या ज्यादा उत्पाद खरीदने पर 5% तक का अतिरिक्त डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। यह ऑफर चुनिंदा स्मार्टफोन्स, वियरेबल्स, स्मार्ट टेलीविजन और डिजिटल उपकरणों की ही सैमसंग डॉट कॉम या सैमसंग शॉप ऐप से खरीदी पर लागू है। बाय मोर सेव मोर के तहत, गैलेक्सी जेड फोल्ड6 खरीदने वाले उपभोक्ता सिर्फ 1249 रुपए में गैलेक्सी बड्स एफई प्राप्त कर सकते हैं और दूसरे ऑफर्स का भी लाभ उठा सकते हैं। इसी तरह, गैलेक्सी बुक4 खरीदने वाले ग्राहक महज 1920 रुपए में एफएचडी फ्लैट मॉनिटर ले सकेंगे। बिना अतिरिक्त कीमत वाले कई अन्य उत्पाद हैं, जैसे कि कनवेक्शन माइक्रोवेव, जो बीस्पोक फैमिली हब फ्रिज खरीदने पर मिलता है। नियो क्यूएलईडी 8के स्मार्ट टेलीविजन खरीदने पर ग्राहकों को क्यू-सिम्फनी साउंडबार मिलता है। ज्यादा महत्व देने के लिये सैमसंग की प्रतिबद्धता ही फैब ग्रैब फेस्ट को अनूठा बनाती है। कीमत में छूट, बैंक कैशबैक ऑफर्स और एक्सचेंज डील्स के अलावा बाय मोर, सेव मोर सुनिश्चित करता है।

# लोगों की तकलीफ दूर करना मेरी प्राथमिकता है: राहुल नार्वेकर

## 60 वर्ष पुरानी संरचना अधिकृत रेखा को सन 2000 करना जरूरी: जगदीश पुरोहित



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई सिविल राइट्स फोरम का ज्ञापन लेते वक्त महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष एड. राहुल नार्वेकर ने अपने वक्तव्य में कहा।

मुंबई सिविल राइट्स फोरम के जगदीश पुरोहित ने इस पत्र द्वारा मुंबई के राहवासियों की कई समस्याओं के बारे में राहुल नार्वेकर को अवगत कराया और उसमें 60 वर्ष पूर्व निर्धारित संरचना को अधिकृत मान्यता देने वाली रेखा दिनांक जो 1962/64 को आगे कर इसे झोंपड़े के तर्ज पर 1 जनवरी, 2000 तक करने की अपील की हैं। यह रेखा मुंबई महानगर पालिका ने 19 सितंबर 1968 के आदेश से लागू किया था। इसी पत्र में पुरोहित ने बिल्डर द्वारा फंजीबल कंपलसरी एरिया के नियमों में पुनर्वसित सदस्यों को पूर्ण न्याय दिलाने की व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया हैं । ज्ञापन द्वारा महाडा का ध्यान 120 मीटर से ज्यादा वाले क्षेत्रफल वाले धारकों (जो संख्या में काफी कम हैं) उन्हें भी पुनर्विकास योजना में सम्पूर्ण एरिया पर इंसेंटिव मिलना चाहिए यह मांग की ताकि योजना सुचारू रूप से आगे बढ़े। विधानसभा अध्यक्ष एड. राहुल नार्वेकर ने उनके द्वारा किए गए सम्पूर्ण सत प्रतिशत गोवंश हत्या बंद करने के लिए उनके द्वारा किए गए अनेक महत्त्वपूर्ण कार्यों से सभी को अवगत कराया गया।

विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर ने हाल के दिनों में सॅम्युअल स्ट्रीट (मस्जिद बंदर) स्थित अतिप्राचीन सनातन परम्पराओं वाला भगवान श्री कृष्ण की हवेली (मंदिर) पर हो रहे अवैध कार्यों को तुरंत प्रभाव से रोकने में प्रमुख भूमिका निभाने की बात दोहराई और इसी के साथ असामाजिक तत्वों से कड़ाई से निपटने की हिदायत भी संबधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने दक्षिण मुंबई में विशेषकर मनपा के 'बी विभाग' अंतर्गत आनेवाले सभी धर्मों के मंदिरों को पहचान कर उनको पुनः पुरानी स्थिति में बहाल करने कि मुहीम छेड़ी हैं।

## प्रजापति सेवा संघ द्वारा डॉक्टर संजीव का स्वागत



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई प्रजापति सेवा संघ द्वारा आज कांदिवली ईस्ट स्थित लोखंड वाले में समता समाज पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संजीव प्रजापति का स्वागत किया गया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक रवि वर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद प्रजापति, मास्टर राजेश प्रजापति, बांकेलाल, महेंद्र, निलेश, धर्मराज, जनार्दन, चंदन, रमेश प्रजापति, मंगला प्रसाद सहित आदि लोग मौजूद रहे। रवि वर्मा ने कहा कि डॉक्टर संजीव जिस तरह से डॉक्टर रत्नप्पा के विचारों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं उससे आने वाले दिनों में इनका राजनीतिक भविष्य उज्जवल होगा। वही डॉक्टर संजीव ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं हर समय समाज के उत्थान के लिए कार्य करता रहूंगा, कहीं भी समाज को मेरी जरूरत पड़ेगी मैं वहां सबसे पहले अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर हर संभव सहयोग करने का प्रयास करूंगा। मैं रत्नप्पा जी के विचार को पूरे देश में प्रचारित करने का प्रयास कर रहा हूं और आगे भी करूंगा।

## वरिष्ठ समाजसेवी मिठाई लाल सिंह को मिला बेस्ट अवार्ड



**मुम्बई (उत्तरशक्ति)।** उत्तर भारती संघ के पुर्व अध्यक्ष व प्रताप कोआपरेटिव बैंक के संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी मिठाई लाल सिंह को दिनांक 27 सितंबर 2024 को दि बृहन्मुंबई नागरिक सहकारी बैंक एसोसिएशन मुंबई के तरफ से दि प्रताप कोआपरेटिव बैंक के संस्थापक अध्यक्ष मिठाई लाल सिंह को बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उस शुभ अवसर प्रताप कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन चंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे। बता दें ठाकुर मिठाई लाल सिंह उत्तर भारती संघ को विस्तार रुप देने वाले प्रथम व्यक्ति हैं। उत्तर भारती संघ का नींव उनके बड़े भाई ठाकुर शुद्धन सिंह ने रखी थी।

उत्तर भारत की ओर जाने के लिए ट्रेनें बहुत ही कम थी । उत्तर भारतीयों को बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ा था। मिठाई लाल सिंह के अथक प्रयासों से ही महानगरी एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन हुआ और उन्होंने ने ही ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। मिठाई लाल सिंह इस समय 97 वर्ष का कठीन पड़ाव पार कर रहें हैं।

# कोंकण परिक्षेत्र पुलिस कर्तव्य मेला 2024 संपन्न

### ◆पांच जिले के पुलिसकर्मियों की प्रतियोगिता में पालघर पुलिस बनी नंबर वन



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिला मुख्यालय पर आयोजित कोंकण प्रांत के तीन दिवसीय कोंकण परिक्षेत्र पुलिस कर्तव्य मेला 2024 में परिक्षेत्र के 5 जिलों के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा बहुमुखी प्रतिभा की वजह से पालघर पुलिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पालघर पुलिस ने 27 पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। पालघर जिला मुख्यालय अंतर्गत स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के नियोजन समिति सभागृह में मंगलवार 24 सितंबर को कोंकण परिक्षेत्र पुलिस कर्तव्य मेला 2024 का शुभारंभ किया गया था। जो कि गुरुवार 26 सितंबर को जिलाधिकारी गोविंद बोडके व पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील के हाथों विजेता पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए समापन किया गया। इस मौके पर प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस परीक्षकों को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि कोंकण प्रांत के तीन तिवसीय कोंकण परिक्षेत्र पुलिस कर्तव्य मेला 2024 का आयोजन पुलिस महानिरीक्षक कोंकण परिक्षेत्र संजय दराडे के मार्गदर्शन में पालघर, ठाणे ग्रामीण, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग इन के जिलों के पुलिसकर्मियों के कार्यक्षमता की लिखित, मौखिक व व्यवहारिक परीक्षण की प्रमुख 6 प्रतियोगिताओं की 24 उप श्रेणियों के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में 17 पुलिस अधिकारी एवं 65 पुलिसकर्मियों के साथ स्ववायड डॉग की टीम ने पूरी लगन के साथ कर्तव्यों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के 6 मुकाबलों में कोंकण परिक्षेत्र में पालघर पुलिस सबसे अव्वल बनी रही। पालघर पुलिस ने सबसे अधिक 10 स्वर्ण, 8 रजक तथा 9 कांस्य पदक के साथ कुल मिलाकर 27 पदक प्राप्त करने साथ ही प्रथम स्थान हासिल कर लिया। सिंधुदुर्ग जिला 6स्वर्ण, 5रजक, 2 कास्य पदक के साथ कुल 13 पदक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। रत्नागिरी जिला 1स्वर्ण, 4 रजक, 5 कास्य पदक के साथ कुल 10 पदक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। चौथे स्थान पर ठाणे ग्रामीण ने 6 पदक तथा रायगढ़ जिले 4 पदक प्राप्त हुए। कोंकण प्रांत के तीन तिवसीय कोंकण परिक्षेत्र पुलिस कर्तव्य मेला 2024 के समापन पर जिलाधिकारी गोविंद बोडके तथा पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील ने सभी प्रतिभागियों की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# आदिवासी पारधी महासंघ की बैठक संपन्न



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** आदिवासी पारधी महासंघ के मुंबई और नवी मुंबई प्रदेश अध्यक्ष और महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पारधी समाज सेल के महाराष्ट्र अध्यक्ष संतोष एकनाथ पवार ने मुंबई ,नई मुंबई, ठाणे ,रायगढ़ के कार्यकताओं के साथ एक बैठक की इस बैठक में आदिवासी पारधी समाज के युवकों को रोजगार, उनके बच्चों को उच्च शिक्षा में प्रवेश में हो रही दिक्कतों तथा समाज की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से ठाणे जिले के पारधी समाज के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान जिला अध्यक्ष और शहर अध्यक्ष के नामों की घोषणा करते समय प्रमुख रूप से विभीषण काले, सोमनाथ पवार, शाहजी पवार, लक्ष्मण काले सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर वाशी में केरल भवन के सामने पारधी वस्ती का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पारधी समाज सेल महाराष्ट्र अध्यक्ष संतोष एकनाथ पवार ने कहा कि आदिवासी पारधी समाज की विभिन्न समस्याओं के बारे में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले को हाल ही में अवगत कराया गया । पटोले ने आश्वासन दिया कि कांग्रेस आदिवासी पारधी समाज की समस्याओं को सुलझाने के लिए कटिबद्ध है।

# पवई लेक में संपन्न हुआ 27वा ग्लोब ऑयल इंडिया इवेंट



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई उपनगर के पवई लेक में गत दिनों 27वां ग्लोबॉइल इंडिया संस्करण एक सितारों से सजी रात में मनाया गया।, जिसमें बॉलीवुड हस्तियों और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने मंच की शोभा बढ़ाई। टेफलास द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में दुनिया भर से आए 1500 से अधिक प्रतिष्ठित मेहमानों ने हिस्सा लिया, जिससे वैश्विक खाद्य तेल और कृषि-व्यवसाय क्षेत्र का यह जश्न और भी खास बन गया।

बॉलीवुड की अभिनेत्रियां अमीषा पटेल और उर्मिला मातोंडकर ने ग्लोबॉइल अवाड्र्स प्रस्तुत करके इस रात में चार चांद लगा दिए। उनकी उपस्थिति ने न केवल इस आयोजन की चमक को बढ़ाया, बल्कि ग्लोबॉइल के महत्व को भी रेखांकित किया, जो उद्योग में उत्कृष्टता को पहचानने का एक प्रमुख मंच है। तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार रिकी केज के मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन ने रात को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। केज की मधुर धुनों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया, जिससे यह रात सभी के लिए यादगार बन गई। इसके अलावा, प्रतिभाशाली गायिका ज्योतिका तांगड़ी ने भी अपने जोशीले प्रदर्शन से मंच पर समां बांध दिया और माहौल को और भी जीवंत बना दिया। इस शानदार इवेंट में फैशन शो की भी धूम रही, जहां बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दासानी ने प्रसिद्ध डिजाइनर बादशाह खान के लिए शोस्टॉपर के रूप में रैंप वॉक किया। उनकी शानदार उपस्थिति और अद्वितीय डिजाइन सभी उपस्थित लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए। 1500 से अधिक मेहमानों की उपस्थिति में, यह आयोजन व्यवसाय और मनोरंजन का एक अनूठा मिश्रण साबित हुआ। टेफला ने एक बार फिर एक प्रेरणादायक, संगीत से भरपूर और फैशन से सजी इस शानदार रात का आयोजन किया, जिसमें वैश्विक खाद्य तेल उद्योग में नवाचार और विकास को आगे बढ़ाने वाले नेताओं को सम्मानित किया गया। हाई-प्रोफाइल प्रदर्शनों, ग्लैमरस फैशन और उद्योग में उत्कृष्टता की पहचान के साथ, ग्लोबॉइल इंडिया 2024 ने उद्योग कैलेंडर में एक यादगार आयोजन के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली।

### आम सूचना



सूचित किया जाता है कि धनरत्ना अपार्टमेंट सी विंग, फस्ट फ्लोर, नियर नवरंग सिनेमा जे.पी. रोड अंधेरी वेस्ट मुंबई - 400058, का ओरिजिनल एग्रीमेंट डॉक्यूमेंट जो न्यू इंडिया कांट्रेक्शन द्वारा श्री जयंत एस जैन ऐण्ड श्रीमती इंदूबाला जयंत जैन के नाम जो उपरोक्त पत्ते पर बनाया गया था, वह कहीं खो गया है। अगर कोई व्यक्ति उस कागजात का कहीं उपयोग करता अथवा करता है तो वह अवैध माना जाए।

**-श्री जयंत एस जैन ऐण्ड श्रीमती इंदूबाला जयंत जैन**

# 10 हजार लाडली बहनों को साड़ी और सूट बाटेंगे एसएम खान

### प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगे देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान द्वारा 5 अक्टूबर, शनिवार की शाम को ओशिवरा मेट्रो स्टेशन के पास स्थित म्हाडा ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में 10 हजार महिलाओं को मुफ्त साड़ी और सूट का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अमृता ताई फडणवीस तथा मुंबई भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट आशीष शेलार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महासचिव संजय केनेकर, मुंबई महासचिव संजय उपाध्याय, स्थानीय विधायक भारती ताई लवेकर, अल्पसंख्यक मोर्चा के महाराष्ट्र अध्यक्ष इदरीश मुल्तानी, भाजपा की महिला प्रदेश अध्यक्ष चित्राताई वाघ, महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, महाराष्ट्र उपाध्यक्ष एजाज देशमुख अल्पसंख्यक मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष वसीम खान कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपने जोगेश्वरी पश्चिम स्थित कार्यालय पर आयोजित पत्रकार परिषद में एसएम खान ने उपरोक्त जानकारी दी।




उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37




**स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति** द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट व्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। **RNI NO. MAHHIN/2018/76092** ***संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति,** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * **मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,**

# दुकान में चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया चोर




-आफताब आलम

मानीकलाँ जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना खेतासराय क्षेत्र के सोंगर गांव की बाजार में गुरुवार की रात एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में घुसे चोर को सीसी टीवी कैमरे की मदद से दुकानदार ने पकड़ लिया। दुकान की छत से कूदकर भागने के दौरान आरोपी को आई चोट का पीएचसी में उपचार भी कराया। देर रात्रि आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। सोंगर गांव निवासी सलमान की गांव के बाजार में भारत बिल्डिंग मैटेरियल के नाम से दुकान है। रात्रि दस बजे वह अपनी मोबाइल में दुकान में लगे सीसी कैमरा देख रहे थे। एक व्यक्ति दुकान की छत पर लगे सीमेंट शेड को तोड़कर दुकान में घुसते दिखाई दिया तो वह ग्रामीणों संग दुकान पर पहुंचे। ग्रामीणों से घिरता देख चोर सीमेंट की छत से नीचे कूदकर भागने की कोशिश करने लगा। इस बीच ग्रामीणों ने उसे दबोच लिया। पुलिस को सूचना दी गई। खेतासराय में ईद मिलादुन्नबी की ड्यूटी की चलते कोई पुलिस नहीं पहुंचा तो ग्रामीणों ने उसकी हालत बिगड़ी देख एंबुलेंस बुलवाकर पीएचसी सोंधी पहुंचाया। डाक्टर ने उसे ठीक-ठाक होना बताया। अस्पताल पर पुलिस के पहुंचने पर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# चोरी की मोटरसाईकिल व देशी कट्टा, जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




जौनपुर(उत्तरशक्ति)। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह के कुशल मार्गदर्शन मे उ0नि0 सत्येन्द्रभाई पटेल मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा 27 सितंबर 2024 को देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग से एक अभियक्त मिथुन वनवासी उर्फ भण्टू पुत्र जेठू उर्फ राजाराम वनवासी निवासी खरुआवां पाण्डेपुर थाना पवारा जनपद जौनपुर को एक चोरी की मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्लस व एक देशी कट्टा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 वोर के साथ ऊँचडीह तिराहा थाना पवारा जनपद जौनपुर से नियमानुसार गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 165/2024 धारा 317(2) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम मिथुन वनवासी उर्फ भण्टू पुत्र जेठू उर्फ राजाराम वनवासी निवासी खरुआवां पाण्डेपुर थाना पवारा जनपद जौनपुर के विरुद्ध पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्याया0 के समक्ष भेजा जा रहा है।

# भारी वर्षा के कारण चार रिहायशी मकान जमीदोज



-निशानाथ

खेतासराय जौनपुर (उत्तरशक्ति) विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के पाराकमाल गांव में भारी बारिश के चलते दूसरे दिन अचानक मकान गिरने का सिलसिला जारी हो गया। शनिवार की शाम देखते ही देखते चार घर धराशाही हो गया लेकिन कोई हताहत नहीं है। जानकारी के अनुसार उक्त गाँव निवासी राम सुआरथ पुत्र हुबराज राजभर का रिहायशी मकान शनिवार की दोपहर धरा शाही हो गया।संयोग अच्छा था कि उस समय घर पर कोई नहीं था। मकान धराशाही होने से घर गृहस्थी का समान नष्ट हो गया पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने के लिए मजबूर है। उसी गाँव निवासी राम दुलार राजभर, मुनसून राजभर, श्रीपत कुमार का भी घर बारिश के कारण दूसरे दिन जमीदोज हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे गाँव के लेखपाल शिव प्रसाद ने सभी धराशाही हुए घरों की जाँच किया।

# बढ़ा गोमती का जल स्तर, आकाशीय बिजली से बज्रपात



जौनपुर(उत्तरशक्ति) जिले में दो दिन हुई बारिश से गोमती नदी का जल स्तर बढ़ गया है। सभी घाट डूब गए है। नगर में बिछाई गई सीवर लाइन के चलते कई जगह सड़के धंस गई है। जिसके कारण लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही शिवापार गांव में मनोज यादव के घर पर बिजली गिरने से एक भैंस की जान चली गई। मौसम ने एक तरफ जहा प्रलय का रुप धारण कर रहा है तों वहीं दूसरी तरफ किसनों के चेहरे खिले हुए है।

# सेवायोजन कार्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय कैम्पस जौनपुर में 30 सितम्बर 2024 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना प्रस्तावित है। प्रतिभागी अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कैम्पस सलेक्शन करेंगी। जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया की रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति आई0डी0प्रूफ बायोडाटा सहित प्रतिभाग करें। सेवायोजन वेब पोर्टल- rojgaarsangam.up.gov.in के माध्यम से पंजीकरण कर अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# गांधी जयंती पर बंद रहेंगी शराब दुकान

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिला आबकारी अधिकारी उमेश चन्द्र पाण्डेय ने समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री अनुज्ञापी,( देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर,भॉग, ताड़ी एवं सी0एल02, एफएल02/2बी, माडलशाप तथा समिश्रबार) को अवगत कराया है। कि संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 में दिए गये प्राविधानों के क्रम में अनुज्ञापन की शर्तों में उल्लिखित है कि 02 अक्टूबर (गांधी जयन्ती) के अवसर पर समस्त आबकारी अनुज्ञापनों को बन्द रखा जाए। उक्त के अनुपालन में समस्त अनुज्ञापियों को निर्देशित किया जाता है।कि विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी 02 अक्टूबर 2024 (गांधी जयन्ती) के पावन अवसर पर समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, भॉग, ताड़ी की दुकानों एवं सी0एल02, एल0एल02/2बी, माण्डलशाप तथा समिश्रबार के अनुज्ञापनों को बन्द रखना सुनिश्चित करें। उक्त बन्दी हेतु नियमानुसार कोई प्रतिफल देय नही होगा।

# गो-संरक्षण के लिए योगी सरकार का बड़ा कदम, कब्जा मुक्त हुई 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि

## सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाया गया विशेष अभियान



लखनऊ। प्रदेश में गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए योगी सरकार ने हजारों हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करा लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश के बाद राजस्व विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध कब्जाधारियों से कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है।

इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 12 जिलों में 100 फीसदी गोचर भूमि अब कब्जामुक्त हो चुकी हैं। वहीं अन्य जिलों में भी तेजी से अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये हैं। सबसे अधिक अयोध्या में 2 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है। राजस्व विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अयोध्या के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, बाराबंकी, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, श्रावस्ती, रामपुर, गाजीपुर और वाराणसी में 27 हजार 688 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिलों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार की जाए। बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जाये। अतिक्रमण से मुक्त होने के उपरांत भूमि को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाए।

सीएम योगी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का वास्तविक आंकलन करें और गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण करें। गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, कहीं पर भी कीचड़ और जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। मृत गोवंश को ससम्मान एवं ठीक विधि से दफनाने की व्यवस्था हो।

# युवक हुआ साइबर क्राइम का शिकार



डॉ.एस.के.मिश्रा

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र लालपुर के छोटा लालपुर के निवासी गौरव पाण्डेय पुत्र प्रेम नाथ पाण्डेय के मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया कि उनके अकॉउंट में 14500 क्रेडिट हुए हैं। उसके बाद उनके फोन पर 6002508054 नंबर से एक कॉल आई और बोला के भाई साहब गलती से आपके अकाउंट में 14500 ट्रांसफर हो गए हैं। आप अपना मैसेज चेक कर लीजिये इस पर गौरव नें मैसेज देखा तो 14500 क्रेडिटेड की बात सही पाया फिर गौरव नें कन्फर्म किया कि उन्हें पैसा मिलने का मैसेज आया है। सामने वाले ने अपने आप को हॉस्पिटल में भर्ती होने की बात करते हुए तुरंत पैसा वापस भेजने के लिए दबाव बनाने लगा कि मैं बहुत परेशान हूँ कृपया तुरंत पैसा ट्रांसफर कर दजिये और वाट्सएप्प नंबर 9341112987 से दफकोड भेज कर पैसे उसी पर ट्रांसफर करने का दबाव बनाने लगा और फिर उसी दफकोड पर गौरव नें 5000 एक बार और 2000 एक बार ट्रांसफर कर दिया। फिर गौरव की नजर अकाउंट बैलेंस पर पड़ी तो अपने आप को ठगा हुआ महसूस करते हुए गौरव ने तुरंत उसे कॉल किया पर उसका नंबर स्विच ऑफ आने लगा और वाट्सएप्प नंबर पे कई बार मैसेज करने पर भी कुछ रिप्लाई नहीं आया अंततः गौरव के यह समझने में देर नहीं लगी की वह साइबर क्राइम का शिकार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत लालपुर थाने में की है। थाना प्रभारी ववेक पाठक ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने कृपाशंकर यादव का नाम वरासत में दर्ज कराते हुए खतौनी प्रदान की



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। 25 सितम्बर 2024 को जन शिकायतो की सुनवाई के दौरान ग्राम सडेरी परगना रारी थाना बक्शा निवासी कृपाशंकर यादव पुत्र स्व0 इन्द्रबली यादव, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के समक्ष प्रस्तुत हुए और अवगत कराया कि उनके पिता की मृत्यु 24 दिसम्बर 2019 को हुई है। लेकिन चकबन्दी विभाग के अधिकारियों द्वारा वरासत में नाम दर्ज नही किया गया है। जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के द्वारा कृपाशंकर यादव का नाम वरासत में दर्ज कराते हुए आज जनसुनवाई कक्ष में उन्हें खतौनी प्रदान की गई। इस दौरान जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से विगत 12 दिनों में इससे संबंधित करीब 2500 से भी अधिक मामले पंजीकृत कराते हुए इन्हें अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने चकबन्दी अधिकारी और एसओसी चकबन्दी को निर्देशित किया कि जितने भी गांव चकबंदी प्रक्रिया के अधीन है। उसमें जितने भी लम्बित वाद है 03 दिन के भीतर निस्तारित करें और 03 दिन के बाद भी यदि पुराने वाद लम्बित पाये जाते है तो संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# बीती रात आकाशी बिजली गिरने से एक महिला की मौत



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। महराजगंज थाना क्षेत्र के सवंसा गांव में गुरुवार की रात आकारशीय बिजली गिरने हादसा हो गया। अशोक सरोज की पत्नी गीता देवी (40वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनका 20 वर्षीय बेटा लव कुश बुरी तरह से झुलस गया। गीता अपने कच्ची दीवार वाले मड़हे में सो रही थी।वहीं पास की चारपाई पर उनका बिटा सो रहा था। रात को अचानक तेज बारिश और बादलों की गड़ गड़ाहट के साथ रात के करीब 2 बजे जब बारिश हो रही थी। तभी गीता देवी के मडहे पर आकाशीय बिजली गिरी। गीता की मौके पर ही मौत हो गई।जब कि बगल में सो रहे लवकुश बुरी तरह झुलस गए। हादसे की आवाज सुनकर बगल में सो रही बेटी अंतिमा (18) दौड़कर आई और अपनी मां को मृत और भाई को गंभीर हालत में देख कर हक्का-बक्का रह गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लव कुश के चाचा शिवकुमार ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाई और लवकुश को जिला अस्पताल भेजा गया। अशोक सरोज की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। घटना के समय अशोक अपने दो बड़े बेटों आशीष (24) और राहुल(22) के साथ दिल्ली में मजदूरी कर रहे थे।परिवार का सहारा बनी गीता की मौत ने उनके सपनों को भी तोड़ दिया। अशोक दिल्ली में कमाकर घर बनवाने और बेटी अंतिमा की शादी की तैयारी कर रहे थे। लेकिन यह हादसा उनके सपनों पर गहरा चोट बनकर घटा है। घटना की जानकारी मिलते ही अशोक अपने बेटों के साथ दिल्ली से वापस आ रहे हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल और ग्राम प्रधान पति लवकुश सिंह ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। पुलिस ने गीता देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कानूनी कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

# सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने ब्यूटी पार्लर कार्यशाला समापन समारोह का किया आयोजन



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने नगर के मरदानपुर स्थित कार्यालय पर आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फेमिना मेकअप स्टूडियो के सौजन्य से विगत माह से आरम्भ एडवांस ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह आयोजन किया। जिसमें 30 ब्यूटी पार्लर कोर्स प्रशिक्षित युवतियों व महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ सुभाष सिंह, संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ.प्रियंका श्रीवास्तव (साल्वेशन हॉस्पिटल) श्रीमती निशा सिंह, प्रशिक्षिका अनामिका ठाकुर, सहकार भारती के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू, स्वयंसेवक नारायण दास, सरला महेश्वरी एवं समस्त सखी वेलफेयर टीम ने मां भगवती के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया, तत्पश्चात रंगीले निषाद ने विश्व कल्याण की कामना से ध्येय गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.सुभाष सिंह ने कहा कि समाज की सेवा करना एक पुनीत कार्य है और सभी साधन संपन्न लोगों को साधन विहीन लोगों के कल्याण के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि समाज के सभी वर्ग के लोगों के विकास के साथ ही हम एक स्वस्थ राष्ट्र निर्माण की कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यशालाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों और महिलाओं के लिए किया जा रहे कार्यों की सराहना की तथा प्रशिक्षिका अनामिका ठाकुर सहित फेमिना मेकअप स्टूडियो की पूरी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, कामना राय,संचिता बैंकर, सोनम अग्रहरि, शकुंतला मौर्या, रूपम शुक्ला, सुमन नाविक, शशि मिश्रा, रागिनी गुप्ता ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की। समापन समारोह में एडवांस ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षुओं ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट फाइल के माध्यम से अपने हुनर का प्रदर्शन किया जिसमें अंजलि प्रजापति प्रथम, शिवानी विश्वकर्मा द्वितीय तथा शिखा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही सभी प्रशिक्षुओं ने अपने हुनर से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सखी वेलफेयर फाउंडेशन टीम ने उपस्थित अतिथियों एवं प्रशिक्षुओं के साथ डांडिया उत्सव का आनंद उठाया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अर्चना सिंह ने किया तथा उपस्थित सभी के प्रति आभार कार्यकारी अध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बंदना सरकार, पिंकी राय, संगीता अग्रवाल, पिंकी जायसवाल, धर्मेंद्र निषाद, स्वर्णिमा जायसवाल, सरिता निगम, तसनीम जैदी, साधना साहू, रीता जायसवाल, चेतना साहू, शकुंतला बैंकर, रेनू बैंकर, विभा साहू, उमा गुप्ता, शिल्पी जायसवाल, सुनीता देवी प्रमिला, आशा, श्वेता जायसवाल आदि सहित तमाम युवतियों एवं महिलाएं उपस्थित रही।

# उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक ने अपनी नई शाखा गोपालगंज में खोलते हुए, बिहार में अपना विस्तार किया

गोपालगंज। बिहार, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने आज बिहार राज्य के गोपालगंज में अपनी नई शाखा की शुरू की। इस नई शाखा की शुरूआत से, बिहार में कुल शाखाओं की संख्या 232 और देश भर में कुल संख्या 966 तक पहुंच गई है। इस नई शाखा की शुरूआत के अवसर पर बोलते हुए उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ़हमें इस बात की खुशी है कि हमारे बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार बिहार में गोपालगंज की इस नई शाखा के साथ हो रहा है। गोपालगंज अपनी संस्कृति और महत्वपूर्ण कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए मशहूर है। हमारी यह शाखा निश्चित तौर पर स्थानीय लोगों के आर्थिक कार्यों में, अपने तमाम वित्तीय सेवाओं के माध्यम से सहयोग करेगी। बैंक अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद- जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है। बैंक के पास बहुत व्यापक बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर है, डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं और एटीएम का नेटवर्क है जिससे बैंक अपने ग्राहकों को हर तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके अलावा बैंक दूसरे तरह की सुविधाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और काल सेंटर की सेवाएं भी उपलब्ध कराती है। उत्कर्ष एसएफबीएल का उद्देश्य उन लोगों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है जिन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं नहीं पहुंच सकी हैं या कम पहुंची हैं।

# केबिनेट मंत्री को ज्ञापन देकर की, मंदिर उत्थान की मांग



नवलगढ़। झुंझुनूं में भाजपा कार्यकताओं एवम् सामाजिक कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करने के लिए झुंझुनूं यात्रा पर आए गोपालन एवम् देवस्थान मंत्री माननीय (केबिनेट मंत्री) जोराराम कुमावत को प्रगतिशील कुमावत समिति लोहार्गल के सचिव ने मुख्य मार्ग पर स्थित गणेश मंदिर में नव निर्माण कार्य को करवाने हेतु नवलगढ़ में विधायक विक्रम सिंह जाखल के कार्यालय समक्ष पधारने पर विधायक के सानिध्य में ज्ञापन दिया गया। जिस पर नवलगढ़ विधायक व मंत्री महोदय ने निर्माण कार्य कराने का आश्वासन दिया। इस इस दौरान समाज के मंदिर कमेटी के सचिव अमोलक पारमूवाल,कमलेश कुमावत,भारत कुमावत,चेतन कुमावत व राकेश आदि उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए समिति के सरंक्षक डॉ.राजेंद्र कुमावत ने बताया की तीर्थ मार्ग पर बना यह मंदिर सभी सुविधा युक्त है,पर मेले व परिक्रमा के दौरान यहां पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है जिस कारण यहां पर्याप्त कमरे नही होने से दूर से आए परिक्रमार्थियों को रात भर रुकने व विश्राम करने की उम्मीद से निराश नजर आते हैं और मंदिर पीछे लगने वाले भंडारे में भी छत नही होने से बारिश हो जाने पर खलल पैदा होती है। समय रहते एवम् कार्यकर्ताओ द्वारा दिए गए इस ज्ञापन पर गौर कर राजकीय कोष से अगर निर्माण कार्य करवाया जाता है तो निश्चित ही उत्थान का काम होगा और इस तीर्थ स्थल पर आने वालों के लिए विश्राम सुविधा भी मुहैया होगी।

# राजद और कांग्रेस के सरकार के दौरान लगा स्मार्ट मीटर : संजीव श्रीवास्तव

पटना ।राजद और कांग्रेस स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन कर रही है जबकि इन्होंने ही स्मार्ट मीटर लगाया है, ये लगभग ममता बनर्जी का मुख्यमंत्री और गृह मंत्री ममता के खिलाफ प्रदर्शन जैसा है। उक्त बातें प्रदेश महासचिव लोजपा रामविलास संजीव श्रीवास्तव ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि ये ध्यान देने वाली बात है की 2015 से 26 जुलाई 2017 तक राजद सरकार का हिस्सा थी तथा 10 अगस्त 2022 से 28 जनवरी 2024 तक भी राजद सरकार का हिस्सा थी। वर्ष 2022-23 में 35 लाख स्मार्ट मीटर का टेंडर हुआ जो इंटेलिस्मार्ट कंपनी को मिला तथा 78 लाख स्मार्ट मीटर का टेंडर हुआ जो एनसीसीडब्ल्यू, अडानी और इंप्रिंट को मिला, ध्यान देने योग्य बात ये है की आखिरी टेंडर में राजद और कांग्रेस सरकार में अडानी को टेंडर मिला।

# अंजुमन मोहम्मदिया सिपाह के तत्वावधान में जुलूस जशन-ए-ईद मिलादुन्नबी कार्यक्रम सम्पन्न



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अंजुमन मोहम्मदिया के तत्वावधान में ईद मिलादुन्नबी प्रोग्राम सम्पन्न सल्लाहु अलैहि वसल्लम की सीरत का गहराई से अध्ययन करने की जरूरतः डॉ. सरफराज खान नगर के मोहल्ला सिपाह का ऐतिहासिक जुलुस ईद मिलादुन्नबी स.अ.व व जुलूस ए मदहे सहाबा अंजुमन मोहम्मदिया सिपाह के तत्वावधान में परंपरागत तरीके से मनाया गया। जुलूस सिपाह चौराहा पर स्थित मकबरा फिरोज शाह से मुख्य अतिथि डॉ. सरफराज खान चेयरमैन प्रतिनिधि नगर पंचायत जफराबाद द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद उठकर अपने कदीमी रास्तों से होते हुए आस्ताना हजरत अजमल शाह पर पहुंचकर जलसे के रूप मे परिवर्तित हो गया। जगह-जगह लगे स्टॅाल पर फन ए सिपहगरी के अखाड़े अपने फन का मुजाहिरा कर रहे थे तो वहीं अंजुमनें पूरी रात नात व मनकबत के अशआर पढ़कर अपने पुरुस्कार को ग्रहण कर रही थीं। रात के आखीर पहर में जुलूस अपनी मंजिल पर पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस पूरे जुलूस में प्रशासन भी चाक व चौबंद रहा। मुख्य अतिथि डॉ.सरफराज खान ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी का प्रोग्राम जो हम मनाते हैं चाहिए कि सीरत का गहराई से अध्ययन करें आप सल्लाहु अलैहि वसल्लम की जिंदगी कैसी थी और आज हमारी जिंदगी कैसी गुजर रही है। क्योंकि जिस नबी को हम मानने वाले व उम्मती हैं उस नबी के ही नक़्श ए कदम पर न चलें ये एक ऐसी गलती है जो ना काबिल ए माफी है। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन एडवोकेट ने कहा कि हुजूर स.अ.व के जन्मदिन की निस्बत से मुसलमान पूरे रबीउल अव्वल के महीने ईद मिलादुन्नबी प्रोग्राम का आयोजन करते हैं जिसमें हजरत मोहम्मद स.अ.व से अपनी अक़ीदत व मोहब्बत का इजहार करते हैं। इस अवसर पर अरशद कुरैशी, अकरम जौनपुरी, मोहम्मद अरशद, कमरूज्जमा, रेहान अंसारी, अब्दुल असद, अरशद अहमद, मोहम्मद साकिब, जीशान खान, मोहम्मद साद, अबुजर शेख, शोबी ताज कादरी, अर्शी खान, मेराज खान, कमर जौनपुरी, अजहरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद साद, मोहम्मद अली, समद खान, साद खान, जीशान हैदर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। अंत में कन्वीनर मोहम्मद आजम बाबू ने आभार व्यक्त किया।

# वाराणसी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 25 हजार का इनामिया शातिर चोर गिरफ्तार



वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी थाना कैंट पुलिस को मिली बड़ी सफलता विगत दिनों से क्षेत्र में चोरी व लूट की घटनाओं को लेकर कैंट पुलिस नें आज 25000 हजार के इनामिया शातिर चोर को गिरफ्तार किया ।डीसीपी वरुणा जोन चंद्रकांत मीना व एडीसीपी सरवनण टी नें किया सफल अनावरण गिरफ्तार अभियुक्तों से लगभग सफेद व पीलीं धातु के गहने 89000.रु नगद व 01 मोटर सायकिल हीरो पैशन एक्स प्रो बरामद बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी कैंट राजकुमार, चौकी प्रभारी अर्दली बाजार सुरेंद्र शुक्ला, हेड कांस्टेबल बृज बिहारी ओझा, हेड कांस्टेबल मिथिलेश कुमार सिंह, कांस्टेबल सचिन मिश्रा, कांस्टेबल अतुल कुमार पाण्डेय, लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम से उप निरीक्षक विद्यासागर, कांस्टेबल मनीष तिवारी, शामिल रहें।

# संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, कायाकल्प, मिशन प्रेरणा फेस-2, निपुण भारत के क्रियान्वयन की समीक्षा की। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में फर्नीचर, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के संदर्भ में जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित मीनू के अनुसार मिड डे मील बच्चों को दिया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला पूर्ति अधिकारी और अभिहित अधिकारी के द्वारा कस्तूरबा गांधी और मिड डे मील के खाद्यान्न की जाँच की जाए। सभी विद्यालयों में सहजन, नींबू, करी पत्ता, करौंदा आदि के वृक्ष लगाए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में बच्चों का नामांकन हो गया है और उनका आधार कार्ड नहीं बना है उनका आधार कार्ड अवश्य बनवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूराम गंगवार, डायट प्राचार्य, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।